केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के शनिवार सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में संक्रमण से 41 और लोगों की मौत होने के बाद मृतक संख्या बढ़कर 5,27,597 पर पहुंच गई। इन 41 मृतकों में वे चार लोग भी शामिल हैं, जिनके नाम केरल ने कोविड-19 से मौत के आंकड़ों का पुन: मिलान करते हुए संक्रमण से जान गंवाने वाले लोगों की सूची में डाले हैं।आंकड़ों के मुताबिक, देश में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 87,311 रह गई है, जो कुल मामलों का 0.20 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 3,396 की कमी दर्ज की गई है। वहीं, मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर बढ़कर 98.62 प्रतिशत हो गई है।अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, दैनिक संक्रमण दर 2.50 प्रतिशत, जबकि साप्ताहिक संक्रमण दर 2.80 प्रतिशत है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि अब तक 4,37,83,788 कोविड-19 से उबर चुके हैं, जबकि संक्रमण से मौत की दर 1.19 प्रतिशत है। देश में अब तक कोविड-19 टीके की 211.91 करोड़ खुराक दी जा चुकी हैं। आंकड़ों के मुताबिक, देश में पिछले 24 घंटे में संक्रमण से जिन लोगों की मौत हुई, उनमें हरियाणा के छह, महाराष्ट्र और पंजाब के चार-चार, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, राजस्थान और पश्चिम बंगाल के तीन-तीन, दिल्ली, गुजरात और ओडिशा के दो-दो तथा चंडीगढ़, गोवा, जम्मू-कश्मीर, मध्य प्रदेश व उत्तर प्रदेश का एक-एक मरीज शामिल है। गौरतलब है कि देश में सात अगस्त 2020 को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे।

भारत-बांग्लादेश सीमा पर महिला से बलात्कार के आरोप में बीएसएफ के दो कर्मी गिरफ्तार

कोलकाता, (भाषा)। भारत से अवैध रूप से बांग्लादेश में घुसने की कोशिश कर रही एक महिला से बलात्कार के आरोप में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के दो जवानों को गिरफ्तार किया गया है। बीएसएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि बीएसएफ के सहायक उपनिरीक्षक और कांस्टेबल को शुक्रवार देर रात गिरफ्तार करने के बाद कानूनी कार्वाई के लिए पश्चिम बंगाल पुलिस को सौंप दिया गया। बीएसएफ के दक्षिण बंगाल सीमांत के अधिकारी ने बताया कि आरोपियों को निलंबित कर दिया गया है और उनके खिलाफ कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का आदेश दिया गया है। उन्होंने बताया कि घटना 26 अगस्त की सुबह पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में बगदा सीमा चौकी के निकट हुई। अधिकारी ने बताया, बीएसएफ कांस्टेबल ने भारत से बांग्लादेश में अवैध रूप से प्रवेश करने की कोशिश कर रहे एक दलाल और एक महिला को पकड़ा था। कांस्टेबल महिला को पास के एक खेत में ले गया और उससे कथित तौर पर बलात्कार किया, जबकि सहायक उपनिरीक्षक ने उसे अपराध में कथित तौर पर मदद की। महिला द्वारा पुलिस में शिकायत कराने के बाद यह घटना सामने आई।

राहुल गांधी पर कांग्रेस अध्यक्ष बनने के लिए दबाव बनाएंगे: मल्लिकार्जुन खड़गे

बेंगलुरु, (भाषा)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एम. मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि राहुल गांधी की कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में वापसी के लिए प्रयास किया जाएगा, क्योंकि पार्टी में उनके अलावा कोई ऐसा नहीं है जिसकी अखिल भारतीय अपील हो।

राज्यसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि पार्टी का नेतृत्व करने के इच्छुक किसी भी व्यक्ति को पूरे देश में जाना जाना चाहिए और उसे कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर और पश्चिम बंगाल से गुजरात तक समर्थन प्राप्त होना चाहिए।

खड़गे ने शुक्रवार को यहां पीटीआई-भाषा से कहा, वह (कांग्रेस अध्यक्ष को) पूरी कांग्रेस पार्टी में जाना-पहचाना, स्वीकृत व्यक्ति होना चाहिए। ऐसा (इस तरह के कद के साथ पार्टी में) कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि सभी वरिष्ठ नेताओं ने सोनिया गांधी को पार्टी में शामिल होने और काम करने के लिए विवश किया था और राहुल गांधी से सामने आने और लड़ने का अनुरोध किया था।खड़गे ने पूछा, आप मुझे विकल्प बताएं। (राहुल गांधी के अलावा पार्टी में अन्य) कौन है? इन खबरों पर कि राहुल गांधी पद संभालने को तैयार नहीं हैं, खड़गे ने कहा कि उनसे अनुरोध किया जाएगा और उन्हें पार्टी की खातिर, देश की खातिर, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस)-भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से लड़ने और देश को एकजुट बनाए रखने के लिए कार्यभार संभालने के लिए कहा जाएगा। खड़गे ने पार्टी की आगामी भारत जोड़ो यात्रा का भी जिक्र किया और कहा कि जोड़ो भारत के लिए राहुल गांधी की जरूरत है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, हम उनसे पूछेंगे, हम उन्हें मजबूर करेंगे और उनसे (कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में लौटने के लिए) अनुरोध करेंगे। हम उनके साथ खड़े हैं। हमें उन्हें मनाने की कोशिश करेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव की तारीखों के कार्यक्रम को मंजूरी देने के लिए पार्टी की निर्णय लेने वाली सर्वोच्च संस्था कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) रविवार को एक डिजिटल बैठक करेगी।

सीडब्ल्यूसी की बैठक की अध्यक्षता सोनिया गांधी करेंगी। कई नेता राहुल गांधी को फिर से पार्टी प्रमुख बनने के लिए सार्वजनिक रूप से प्रोत्साहित कर रहे हैं। हालांकि, इस मुद्दे पर अनिश्चितता और रहस्य बरकरार है। पार्टी के कई अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि राहुल गांधी अपने रुख पर कायम हैं कि वह अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) अध्यक्ष नहीं बनेंगे। 2019 में संसदीय चुनावों में पार्टी के लगातार दूसरी हार का सामना करने के बाद उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष के पद से इस्तीफा दे दिया था।

जम्मू-कश्मीर में भूकंप के दो झटके महसूस किए गए

जम्मू, (भाषा)। जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में शनिवार को भूकंप के दो हल्के झटके महसूस किए गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप के दोनों झटके सुबह में साढ़े चार घंटे के अंतराल में आए और इनकी तीव्रता क्रमशः 2.9 और 3.4 दर्ज की गई। अधिकारियों के मुताबिक, मंगलवार से लेकर अब तक जम्मू के डोडा, किश्तवाड़, कटरा (रियासी) और उधमपुर जिलों में कम तीव्रता के कुल 13 भूकंप आ चुके हैं। उन्होंने बताया कि भूकंप से हालांकि जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। अधिकारियों के अनुसार, तड़के 4.32 बजे आए पहले भूकंप का केंद्र भद्रवाह शहर से 26 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में 10 किलोमीटर की गहराई में स्थित था।उन्होंने बताया कि दूसरा भूकंप सुबह 9.06 बजे आया।

पाकिस्तानी घुसपैठिया गिरफ्तार

जम्मू, (भाषा)। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने यहां अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास शनिवार तड़के एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बीएसएफ ने सियालकोट के निवासी मोहम्मद शाबाद (45) को सीमा पार से अरनिया सेक्टर में घुसने की कोशिश करते देखा। उन्होंने बताया कि उन्होंने उसे चेतावनी देने के लिए कुछ गोलियां चलाईं और उसे हिरासत में ले लिया। उन्होंने बताया कि शाबाद के पास से कोई आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिली। इससे पहले, 25 अगस्त को जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में बीएसएफ ने एक पाकिस्तानी घुसपैठिए के पास से आठ किलोग्राम संदिग्ध हेरोइन बरामद करके नशीले पदार्थों की तस्करी की बड़ी कोशिश को नाकाम कर दिया था।

कांग्रेस कार्य समिति की बैठक आज, अध्यक्ष के चुनाव कार्यक्रम को दी जाएगी मंजूरी

नई दिल्ली, (भाषा)। कांग्रेस की शीर्ष नीति निर्धारक इकाई कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की रविवार को बैठक होगी, जिसमें पार्टी अध्यक्ष के चुनाव से जुड़े कार्यक्रम को मंजूरी दी जाएगी।सूत्रों का कहना है कि इस ऑनलाइन बैठक में अध्यक्ष के चुनाव के विस्तृत कार्यक्रम को स्वीकृति देने के साथ ही सोनिया गांधी और राहुल गांधी के नेतृत्व में विश्वास प्रकट किया जा सकता है। यह गुलाम नबी आजाद के पार्टी से इस्तीफे के संदर्भ में महत्वपूर्ण होगा।आजाद ने शुक्रवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता और सभी पदों से इस्तीफा दे दिया था और आरोप लगाया था कि कांग्रेस नेतृत्व आंतरिक चुनाव के नाम पर धोखा दे रहा है। उन्होंने राहुल गांधी पर अपरिपद्र और बचकाने व्यवहार का आरोप भी लगाया था। कांग्रेस ने उन पर पलटवार करते हुए पार्टी को धोखा देने का आरोप लगाया था और कहा था कि उनका डीएनए मोदी-मय हो गया है। सीडब्ल्यूसी की इस महत्वपूर्ण बैठक से पहले कांग्रेस सूत्रों ने यह भी बताया कि अध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया को पूरा होने में पहले से निर्धारित कार्यक्रम के मुकाबले कुछ सप्ताह की देरी हो सकती है, क्योंकि पार्टी का ध्यान इस समय भारत जोड़ो यात्रा पर केंद्रित है तथा कुछ राज्य इकाइयां जरूरी औपचारिकताएं पूरी नहीं कर पाई हैं। पिछले साल सीडब्ल्यूसी ने जिस कार्यक्रम को मंजूरी दी थी, उसके मुताबिक कांग्रेस अध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया 21 अगस्त से 20 सितंबर के बीच पूरी की जानी थी।सीडब्ल्यूसी ने पिछले साल फैसला किया था कि ब्लॉक कमेटियों के लिए चुनाव 16 अप्रैल से 31 मई तक होंगे, जिला कमेटियों के अध्यक्षों के चुनाव एक जून से 20 जुलाई के बीच कराए जाएंगे, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्षों और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के सदस्यों के चुनाव 21 जुलाई से 20 अगस्त के बीच एवं एआईसीसी अध्यक्ष का चुनाव 21 अगस्त से 20 सितंबर के बीच किया जाएगा। सूत्रों ने कहा कि प्रक्रिया में कुछ सप्ताह की देरी हो सकती है और अक्टूबर में पार्टी को पूर्णकालिक अध्यक्ष मिल जाना चाहिए।

Public Notice

That my clientess Smt. Sakina Begam W/o Late Salimuddin R/o H.No.M-32 /B, Second Floor, Abul Fazal Enclave, Part-1, Okhla Jamia Nagar, Delhi-110025 has severed all her relation and has debarred her son namely Wakeel Ahmad and his wife Yasmeen from all her movable and immovable properties, due to their misconducts. My client will not be responsible for their acts.
Pramod Kumar Talra, Advocate, Chamber No. E-218, IInd Floor, Lawyer's Chamber's Block, Karkardooma Courts Delhi-110032.

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल चिंताराम पुत्र स्व. चन्द्र, निवासी गांव जोनापुर, नई दिल्ली ने अपने पुत्र जीतेन्द्र व पुत्रवधू ऊषा एवं पौत्रियों मयंक और कशिश को उनके दुर्व्यवहार व गलत आचरण के कारण अपने सभी रिश्ते-नाते विच्छेद कर लिए है और अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। यदि कोई व्यक्ति मेरे मुवक्किल के पुत्र व पुत्रवधू से भविष्य में किसी प्रकार का कोई लेन-देन या अथवा कोई भी कानूनी कार्यवाही होती है तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा और उसके लिए मेरे मुवक्किल व उनका परिवार किसी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा। जगत सिंह बास्ता, अधिवक्ता, चैम्बर नं. 103, लॉयर्स ब्लॉक, साकेत कोर्ट कॉम्पलैक्स, नई दिल्ली-110017

Proclamation Requiring Attendance of Defendant (Order 5, rules 20 of the Code of Civil Procedures)
In The Court of
Ms. Shriya Aggarwal, Ld. ASCJ/JSCC/GJ(SE) Saket Court, New Delhi.
CS/SCJ/1255/2020
Canara Bank Having Head Office At:- 112 JC Road, Bangalore, Karnataka
And Its. Branch Office At:- 13 Sant Nagareast of Kailash, New Delhi-110065.
.....Plaintiff
V/S
Mohd. Shameem S/o Mohd. Awaz R/o G2, 315/18, Sangam Vihar, New Delhi-110062. **.......Defendant**
To,
Whereas you are intentionally evading service of summon it is hereby notified that if you shall not defend the case on the **27.09.2022** the day fixed for the final disposal, it will be heard and determined ex-parte.
Given under my hand and the seal of the Court, this **16.08.2022**
Seal Sd/-
Ld. ASCJ/JSCC/GJ(SE) Saket Court, New Delhi.

In The Court of
Sh. Deepak Vats, Administrative Civil Judge, Additional Rent Controller Commercial Civil Judge, South-East, Room No. 203, Saket Court, New Delhi.
SS-83/2022
Mohan Lal S/o Sh. Ram Kishan R/o S-90, Saurabh Vihar, Hari Nagar Extn., Jail Pur, New Delhi.
......Petitioner
Versus
1. The State
2. The Branch Manager of LIC of India, Plot No. 3, Jasola, Sarita Vihar, New Delhi. **......Respondent**
Whereas, on application U/s 372 of the Indian Succession Act, 1925 has been made by **Mohan Lal** successor of **Late Jitendra Kumar** for grant of Succession Certificate in respect of debts /securities of deceased.
And whereas the said applicant shall come for hearing on **13.09.2022 at 10.00 A.M.**
Therefore the public at large is hereby given notice if any person has objection to the grant of succession certificate in favour of the said applicant he may appear and file objection in writing, in person or through duly appointed pleader, on the said date and time.
Given under my hand and seal on **20.08.2022.**
Seal Sd/-
Administrative Civil Judge, Additional Rent Controller Commercial Civil Judge, South-East, Saket Court, New Delhi.

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि राजनीतिक दल ''हरयाणा डेवलपमेंट पार्टी'' के नाम से रजिस्ट्रीकृत होना प्रस्तावित है / पार्टी कार्यालयः नं. 2079, सेक्टर-4, (नियर कम्युनिटी सेंटर), रेवाड़ी-123401, हरयाणा, में स्थित है। इस दल ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29 क के अधीन राजनीतिक दल के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को आवेदन प्रस्तुत किया है-पार्टी के पदाधिकारियों के नाम/पता नीचे दिये गए हैं :-
अध्यक्ष : सतपाल यादव पुत्र घनश्याम यादव निवासी-मo. नo. 25, ग्राम-कपूरी, तहसील-दादरी, जिला-भिवानी, हरयाणा
महासचिव : शिवम् यादव पुत्र सतपाल यादव निवासी-मo. नo. 25, ग्राम-कपूरी, तहसील-दादरी, जिला-भिवानी, हरयाणा
कोषाध्यक्ष : उर्मिला देवी पत्नी सतपाल यादव निवासी-मo. नo. 25, ग्राम-कपूरी, तहसील-दादरी, जिला-भिवानी, हरयाणा
यदि किसी को ''हरयाणा डेवलपमेंट पार्टी'' के नाम से रजिस्ट्रीकरण में कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति इसके कारणों सहित (राजनीतिक दल) भारत निर्वाचन आयोग, निर्वाचन सदन, अशोका रोड, नई दिल्ली-110001 को इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनो के भीतर भेजे।

सार्वजनिक सूचना

मैं, भागीरथ शर्मा पुत्र श्री गंगासरन शर्मा, निवासी मधु पब्लिक स्कूल, रेसकॉर्स कॉलोनी, थाना कोतवाली नगर, बुलन्दशहर का असल बैनामा तारीखी 01.07.1991 जो श्रीमती विजय लक्ष्मी मेहता पत्नी महावीर मेहता, निवासी वैरी भवन, मालवीय नगर मार्ग, बुलन्दशहर ने मु. 1,95,000/- रु. में अपना मकान क्षे. 200 वर्ग गज स्थित मौहल्ला रेसकॉर्स कॉलोनी को श्रीमती मधुबाला पत्नी भागीरथ शर्मा, निवासी मौहल्ला नन्नू खां, कस्बा गुलावटी, बुलन्दशहर के हक में किया जो बही नं. 1, जिल्द सं. 200/202 के पृष्ठ सं. 9/41-48 में नम्बर 3191पर दिनांक 01.07.1991 को रजिस्ट्री की गई एवं असल बैनामा तारीखी 02.07.1991 जो श्रीमती विजय लक्ष्मी मेहता पत्नी महावीर मेहता निवासी- वैरी भवन, मालवीय मार्ग, बुलन्दशहर ने मु. 1,35,000/- रु. में अपना प्लॉट क्षे. 200 वर्ग गज स्थित मौहल्ला रेसकॉर्स कॉलोनी को श्रीमती मधुबाला पत्नी भागीरथ शर्मा, निवासी मौहल्ला नन्नू खां, कस्बा गुलावटी, बुलन्दशहर के हक में विक्रय किया जो बही नं. 1, जिल्द सं. 140/202 के पृष्ठ सं. 365/201-208 में नम्बर 3211 पर दिनांक 02.07.1991 को रजिस्ट्री की गई एवं उक्त प्रॉपर्टी से संबंधित पूर्व के बैनामे एवं बिजली के बिल हाउस टैक्स के बिल/रसीद आदि गुम हो गए हैं। जिसकी सूचना हमने थाने में भी दे दी है।

वीर अर्जुन
वर्गीकृत विज्ञापन
नाम परिवर्तन

मैं, सुरेंद्र कुमार शर्मा सुपुत्र श्री ओमप्रकाश, निवासी-139, नजदीक सी-2 ब्लॉक, सराय अलावर्दी, पालम विहार, चोमा (62), कार्टरपुरी, गुड़गांव, हरियाणा -122017 का निवासी हूं। मेरी नाबालिग बेटी जिसका नाम तनिसी (उम्र 9) है, के शैक्षिक दस्तावेज में पिता का नाम सुरेन्द्र कुमार लिखा गया है जबकि वास्तविक नाम सुरेंद्र कुमार शर्मा है जिसे भविष्य में इसी नाम से जाना जाए।
C-28401

मैं, सुरेंद्र कुमार शर्मा सुपुत्र श्री ओमप्रकाश, निवासी-139, नजदीक सी-2 ब्लॉक, सराय अलावर्दी, पालम विहार, चोमा (62), कार्टरपुरी, गुड़गांव, हरियाणा -122017 का निवासी हूं। मेरी नाबालिग बेटी जिसका नाम गीतिका (उम्र 13) है, के शैक्षिक दस्तावेज में पिता का नाम सुरेन्द्र कुमार लिखा गया है जबकि वास्तविक नाम सुरेंद्र कुमार शर्मा है जिसे भविष्य में इसी नाम से जाना जाए। **C-28401**

In The Court of
Sh. Deepak Vats, Administrative Civil Judge, Additional Rent Controller Commercial Civil Judge, South-East, Room No. 203, Saket Court, New Delhi.
SS-145/2022
Smt. Savita Kaushik W/o Late Shri Vishnu Gopal Kaushik, D/o Late Shri Om Prakash Gaur, R/o H. No. 69, Molarband Village, Badarpur, New Delhi-110044. **......Petitioner**
Versus
1. The State Through Sub Divisional Magistrate Mehrauli, New Delhi.
2. Mr Jogesh Prakash Gaur S/o Late Shri Om Prakash Gaur R/o H. No. 43-A, Kilokri Village, Maharani Bagh, Jangpura, New Delhi - 110014. (M) 9350571550
3. Mrs. Sarita Gaur W/o Late Shri Yogesh Prakash Gaur (M) 9971692247.
4. Ms Radhika Gaur D/o Late Shri Yogesh Prakash Gaur (M) 9911123349 Email; khushisharma1546@gmail.com
5. Mr Rishabh Gaur S/o Late Shri Yogesh Prakash Gaur Respondents 3-5 R/o: H. No. 43-A, Kilokri Village, Maharani Bagh, Jangpura, New Delhi-110014.
Also At: C-41, Third Floor, L-Type. Gate No.3, Nangal Devat, New Delhi-110070.
......Respondent
Whereas, on application U/s 372 of the Indian Succession Act, 1925 has been made by **Smt. Savita Kaushik** successor of **Late Purna Nand Gaur** for grant of Succession Certificate in respect of debts/securities of deceased.
And whereas the said applicant shall come for hearing on **13.10.2022 at 10.00 A.M.**
Therefore the public at large is hereby given notice if any person has objection to the grant of succession certificate in favour of the said applicant he may appear and file objection in writing, in person or through duly appointed pleader, on the said date and time.
Given under my hand and seal on **20.08.2022.**
Seal Sd/-
Administrative Civil Judge, Additional Rent Controller Commercial Civil Judge, South-East, Saket Court, New Delhi.

In The Court of
Sh. Deepak Vats, Administrative Civil Judge, Additional Rent Controller Commercial Civil Judge, South-East, Room No. 203, Saket Court, New Delhi.
SS-162/2022
1. Mrs. Seema Gupta @ Seema Devi W/o Late Sh. Lala Ram Gupta Age: 33 Years Adhar No. 732615195981
...Petitioner No.1
2. Baby Manya Gupta D/o Late Sh. Lala Ram Gupta Age: 5 Years Adhar No. 843638453597
...Petitioner No.2
Through
Mrs. Seema Gupta @ Seema Devi (Her Mother) Both Residing At: A-2/359, J.J. Colony, Madanpur Khadar, Sarita Vihar, South Delhi-110076.
Versus
1. State (Govt. of NCT of Delhi) Through its Concerned SDM
...Respondent No.1
2. Karur Vysya Bank Ltd. Branch office at: C-159, Okhla Phase-I, New Delhi-110020.
......Respondent No.2
Whereas, on application U/s 372 of the Indian Succession Act, 1925 has been made by **Mrs. Seema Gupta @ Seema Devi & Anr** successor of **Late Lala Ram Gupta** for grant of Succession Certificate in respect of debts/securities of deceased.
And whereas the said applicant shall come for hearing on **17.09.2022 at 10.00 A.M.**
Therefore the public at large is hereby given notice if any person has objection to the grant of succession certificate in favour of the said applicant he may appear and file objection in writing, in person or through duly appointed pleader, on the said date and time.
Given under my hand and seal on **22.08.2022.**
Seal Sd/-
Administrative Civil Judge, Additional Rent Controller Commercial Civil Judge, South-East, Saket Court, New Delhi.

In The Court of
Sh. Deepak Vats, Administrative Civil Judge, Additional Rent Controller Commercial Civil Judge, South-East, Room No. 203, Saket Court, New Delhi.
SS-122/2022
Praveen Arora S/o Kishan Lal Arora @ Kishan Lal R/o H.No. 41, CSP Flats, East of Kailash, South Delhi, Delhi-110065.
......Petitioner
Versus
1. The State (Government of NCT) Delhi Through SDM Office, Old Gargi College Building, 24, National Park Rd, Lajpat Nagar IV, New Delhi, Delhi-110024.
2. Punjab National Bank Branch-C Block, Community Centre, East of Kailash, New Delhi-110065.
......Respondents
Whereas, on application U/s 372 of the Indian Succession Act, 1925 has been made by **Praveen Arora** successor of **Late Kishan Lal Arora @ Kishan Lal** for grant of Succession Certificate in respect of debts/securities of deceased.
And whereas the said applicant shall come for hearing on **27.09.2022 at 10.00 A.M.**
Therefore the public at large is hereby given notice if any person has objection to the grant of succession certificate in favour of the said applicant he may appear and file objection in writing, in person or through duly appointed pleader, on the said date and time.
Given under my hand and seal on **27.08.2022.**
Seal Sd/-
Administrative Civil Judge, Additional Rent Controller Commercial Civil Judge, South-East, Saket Court, New Delhi.

In The Court of
Ms. Shelly Arora, Addl. District Judge-1 (South-East) Saket Court, Room No. 616, New Delhi.
PC/64/2021
1. Lakhbir Kaur W/o Late Daljit Singh, 1482/C, Street No. 5, Wazir Nagar, Kotla Mubarakpur, New Delhi-110003.
2. Sunita Migalani W/o Late Daljit Singh, 1482/C, Street No. 5, Wazir Nagar, Kotla Mubarakpur, New Delhi-110003.
Vs
1. State Government of NCT Delhi
2. SDM, Office of DM, National Park, Old Gargi College Building, Lajpat Nagar-IV, New Delhi-110024.
3. Sudhir Miglani S/o Late Daljit Singh R/o 1482/C, Street No. 5, Wazir Nagar, Kotla Mubarakpur, New Delhi-110003
Whereas a Petition tinder section 272 of The Indian Succession Act 1925 for the grant of letter of administration/ probate respect of estate of Late Sh. Daljit Singh R/o MCD No. 1482/C, Plot No. 15, Gall No. 5, Wazir Nagar, Kotla Mubarakpur, New Delhi-110003 has been filed by the petitioner before this court.
Notice is hereby given to the general public having any interest in the above mentioned probate petition may if he/she desires, appear in this court on **22.09.2022** and participate in the proceedings before the grant of probate.
Given under my hand and the seal of this court on this **23rd day of August, 2022.**
Seal Sd/-
Addl. District Judge-1 (South-East) Saket Court, New Delhi.

शारदा मोटर इण्डस्ट्रीज लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालयः डी-188, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेज-1, नई दिल्ली-110020
CIN: L74899DL1986PLC023202
फोन +91-11-47334100, फैक्स: +91-11-26811676
E-Mail: investorrelations@shardamotor.com, Website: www.shardamotor.com

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग/अन्य ऑडियो विडियो माध्यमों से आयोजित होने वाली 37वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 के लागू प्रावधानों और उसके अधीन बनाए गए नियमों के साथ पठित कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय (''एमसीए'') और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (''सेबी'') द्वारा इस संबंध में जारी किये गये लागू सामान्य परिपत्रों के अनुपालन में आम स्थल पर सदस्यों की शारीरिक उपस्थिति के बिना 37वीं एजीएम की सूचना में निर्धारित कामकाज के निष्पादन के लिए शारदा मोटर इंडस्ट्रीज लिमिटेड (''कम्पनी'') के सदस्यों की 37वीं वार्षिक आम बैठक मंगलवार, 20 सितम्बर, 2022 को दोपहर 12.00 बजे (आईएसटी) में विडियो कॉन्फ्रेंसिंग (''वीसी'')/अन्य ऑडियो विडियो माध्यमों (''ओएवीएम'') के द्वारा आयोजित की जाएगी।
एमसीए परिपत्रों एवं सेबी परिपत्रों के अनुपालन में कम्पनी ने 37वीं एजीएम की सूचना तथा 31 मार्च, 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए वित्तीय विवरण (एकल एवं समेकित), बार्ड की रिपोर्ट तथा लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट से शामिल वार्षिक रिपोर्ट 2021-22 उन सदस्यों को 26 अगस्त, 2022 को केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से भेज दी गई है जिनके ई-मेल आईडी कम्पनी/डिपॉजिटरी प्रतिभागी के पास पंजीकृत हैं।
सदस्यगण केवल वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में शामिल एवं भाग ले सकते हैं। एजीएम में भागीदारी के विवरण/निर्देश 37वीं एजीएम की सूचना में नोट्स सैक्शन में दिये गये हैं। वीसी/ओएवीएम के माध्यम से उपस्थित सदस्यों की गणना कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 103 के अंतर्गत कोरम के प्रयोजन हेतु की जाएगी।
37वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना के साथ वार्षिक रिपोर्ट 2021-22 कम्पनी की वेबसाइट https://www.shardamotor.com और स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट यथा बीएसई लिमिटेड एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड क्रमशः https://www.bseindia.com एवं https://www.nseindia.com पर भी उपलब्ध होगी।
ई-वोटिंग के लिए निर्देश निम्नानुसार हैं:
1. कम्पनी अपने सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक पद्धति (37वीं एजीएम में'रिमोट ई-वोटिंग/ई-वोटिंग') द्वारा 37वीं एजीएम में पारित होने के लिए प्रस्तावित प्रस्ताव पर अपना वोट देने की सुविधा उपलब्ध करा रही है। कम्पनी ने 37वीं एजीएम की सूचना में निर्धारित सभी प्रस्तावों पर अपना वोट देने के लिए 37वीं एजीएम में रिमोट ई-वोटिंग/ई-वोटिंग की सुविधा प्रदान करने के लिए एक एजेंसी के रूप में सेन्ट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड की सेवाएं ली हैं। 37वीं एजीएम की सूचना में रिमोट ई-वोटिंग/ई-वोटिंग के माध्यम से वोट देने की विस्तृत प्रक्रिया दी गई है। सदस्यों से अनुरोध है कि वे दिये गये निर्देशों को भली-भांति पढ़ लें।
2. रिमोट ई-वोटिंग अवधि शनिवार, 17 सितम्बर, 2022 को प्रातः 9.00 बजे (आईएसटी) प्रारंभ होगी और सोमवार, 19 सितम्बर, 2022 को सायं 5.00 बजे (आईएसटी) बंद होगी। उसके बाद सीडीएसएल द्वारा रिमोट ई-वोटिंग हटा ली जाएगी और रिमोट ई-वोटिंग से वोट देने की अनुमति नहीं होगी।
3. जिन सदस्यों के नाम कट-ऑफ तिथि अर्थात् मंगलवार, 13 सितम्बर, 2022 को कम्पनी के सदस्यों के रजिस्टर या डिपॉजिटरी द्वारा तैयार की गये लाभार्थी स्वामियों के रजिस्टर में शामिल/दर्ज होंगे केवल वे ही रिमोट ई-वोटिंग सुविधा/बैठक में वोट देने के लिए पात्र होंगे।
4. एक व्यक्ति जो कम्पनी के शेयर धारण करता है और 37वीं एजीएम की सूचना भेजे जाने के बाद कम्पनी का सदस्य बनता है और कट-ऑफ तिथि (ई-वोटिंग के लिए) अर्थात् मंगलवार, 13 सितम्बर, 2022 को शेयर धारण करता है, वह एजीएम सूचना में उपलब्ध ई-वोटिंग निर्देशों का पालन करके रिमोट ई-वोटिंग के लिए अपना लागइन आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त कर सकता है।
5. 37वीं एजीएम से पहले रिमोट ई-वोटिंग से अपना वोट देने वाला सदस्य भी वीसी/ओएवीएम के माध्यम से 37वी एजीएम में भाग ले सकता है लेकिन उसे दोबारा वोट देने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
6. वीसी/ओएवीएम के माध्यम से 37वी एजीएम में उपस्थित होने वाले सदस्यगण जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से प्रस्तावों पर अपना वोट नहीं दिया है और अन्यथा उन्हें ऐसा करने से प्रतिबंधित नहीं किया गया है, वे 37वीं एजीएम के दौरान ई-वोटिंग सिस्टम के माध्यम से वोट देने के हकदार होंगे।
निदेशक मंडल ने वोटिंग प्रक्रिया (रिमोट ई-वोटिंग/ई-वोटिंग) को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से आयोजित करने के लिए विनीत के. चौधरी, मैनेजिंग पार्टनर (सदस्यता सं. एफसीएस 5327) और उनकी अनुपस्थिति में श्री मोहित के. दीक्षित, पार्टनर (सदस्यता सं. ए490021), मैसर्स वीकेसी एसोसिएट्स, पेशेवर कम्पनी सचिव को पर्यवेक्षक (''पर्यवेक्षक'') के रूप में नियुक्त किया है।
वार्षिक आम बैठक तथा वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए अंतिम लाभांश, यदि बैठक में घोषित हो जाता है, के भुगतान के सदस्यों की पात्रता के निर्धारण के लिए के प्रयोजन के लिए कम्पनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक बुधवार, 14 सितम्बर, 2022 से मंगलवार, 20 सितम्बर, 2022 तक (दोनों दिवस शामिल) बंद रहेंगे। अंतिम लाभांश, यदि आगामी एजीएम में शेयरधारकों द्वारा अनुमोदित किया जाता है, तो उसे उन शेयरधारकों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से भुगतान किया जाएगा जिन्होंने अपने बैंक खाता विवरण अपडेट करा रखे हैं। जिन शेयरधारकों ने अपने बैंक खाता विवरण अपडेट नहीं किये हैं, उन्हें लाभांश वारंट/डिमांड ड्राट/चैक उनके पंजीकृत पते पर भेजे जाएंगे, यद्यपि या देश में उपलब्ध डाक सेवा की उपलब्धता के अधीन होगा।
आयकर अधिनियम, 1961, वित्त अधिनियम, 2021 द्वारा यथासंशोधित के अनुसरण में 1 अप्रैल, 2020 को या उसके बाद कम्पनी द्वारा भुगतान या बांटा गया लाभांश शेयरधारकों की ओर करयोग्य होगा। इसलिए कम्पनी को लाभांश का भुगतान करते समय जहां लागू, हो लागू सरचार्ज एवं उपकर सहित निर्धारित दरों पर स्रोत पर कर कटौती करनी होगी। कम्पनी को उचित टीडीएस/लागू कर कटौती दर के निर्धारण में सक्षम बनाने के लिए शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे मैसर्स अलंकित एसाइनमेंट्स लिमिटेड, रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट के पास उनके ई-मेल rta@alankit.com पर अपेक्षित दस्तावेज अपलोड करें।
एजीएम में भाग लेने एवं ई-वोटिंग सिस्टम के माध्यम से ई-वोटिंग पर किसी भी पूछताछ के लिए
ई-मेल helpdesk.evoting@cdslindia.com पर लिखें या टोल फ्री नं. 1800225533 पर कॉल करें।
इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से वोटिंग के लिए सुविधा से जुड़ी किसी भी शिकायत के लिए श्री राकेश दलवी, प्रबंधक (सीडीएसएल) सेन्ट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड, ए विंग, 25वां तल, मैराथन फ्यूचरेक्स, मफतलाल मिल कम्पाउंड्स, एन एम जोशी मार्ग, लोअर परेल (ईस्ट), मुंबई 400013, ई-मेल helpdesk.evoting@cdslindia.com पर सम्पर्क करें या टोल फ्री नं. 1800225533 पर कॉल कर सकते हैं। सदस्यगण उपरोक्त वर्णित पते या ई-मेल investorrelations@shardamotor.com पर कम्पनी को भी लिख सकते हैं।

कृते शारदा मोटर इण्डस्ट्रीज लिमिटेड
हस्ता./-
नितिन विश्नोई
कार्यपालक निदेशक एवं कम्पनी सचिव

दिनांकः 27 अगस्त, 2022
स्थानः नई दिल्ली

वैधानिक सूचना: पाठकों को सलाह दी जाती है कि किसी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया से पहले विज्ञापन में प्रकाशित किसी उत्पाद या सेवा के बारे में पूरी तरह उपयुक्त जांच-पड़ताल कर लें। यह समाचार पत्र उत्पाद या सेवा की गुणवत्ता आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता। समाचार पत्र उपरोक्त विज्ञापनों के बारे में किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।